हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(तृतीय सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 29 अगस्त, 2018/7 भाद्रपद, 1940 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 36

पुल निर्माण

*702 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जबोठी खड्ड पर जाहु व भांवला को जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त हो गया था; यदि हां, तो सरकार इसके पुनः निर्माण हेतु क्या पग उठा रही है?

पशु चिकित्सालय

*703 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल कितनी पशु औषधालय हैं; और

(ख) इनमें कितने के पास अपने भवन हैं व कितनी निजी भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा दें?

कांसाकोटी 22 KVA कन्ट्रोल पॉइन्ट

***704 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कांसाकोटी 22 KVA Control Room के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) 01 जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2018 तक रोहड़ू मण्डल के अन्तर्गत कितने बिजली के खम्भों की खरीद की गई; और

(ग) 31 जुलाई, 2018 तक रोहड़ू मण्डल में कितने ट्रांसफार्मर उपलब्ध हैं?

ठियोग-हाटकोटी सड़क

***705 श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में ठियोग-हाटकोटी सड़क की कितनी सुरक्षा व रिटेनिंग दीवारें गिरी हैं; और

(ख) इनके गिरने से कितना नुकसान हुआ; ब्यौरा क्रमशः वर्षवार दें?

उठाऊ पेयजल योजना

***706 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने उठाऊ पेयजल योजना ग्राम पंचायत कनैड, भौर, दुगराई, छात्र, अपर बैहली और जुगाहन (PC habitations) का शिलान्यास किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है व कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

Vacancy Position

***707 Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of Staff/ Doctors in I.G.M.C Shimla and Tanda Medical College; and

(b) by when the Open Heart Surgery will be started at Tanda Medical College?

दुग्ध उत्पादकों के दाम

***708 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पंजाब में दुग्ध उत्पादकों को 25 रुपये प्रति लीटर दूध के दाम दिए जा रहे हैं और हिमाचल में 21 रुपये प्रति लीटर दिए जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों को पंजाब के तर्ज पर उचित दाम देने का विचार रखती है?

कांगड़ा पुलिस स्टेशन

***709 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कांगड़ा पुलिस स्टेशन भवन का निर्माण शहर से बाहर करने का विचार है; यदि हां, तो निर्माण किस स्थान पर किया जा रहा है?

जैविक खेती

***710 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में जैविक खेती की जा रही है; और

(ख) यदि हां,तो यह कुल कितने क्षेत्र पर हो रही है; ब्यौरा जिलावार दें?

अवैध कब्जों का हटाना

*711 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में नगरोटा सूरियां बस स्टैंड से कब्जे हटाए गए हैं; यदि हां, तो कितनी पक्की दुकानें थीं व कितने खोखे थे;

(ख) वर्तमान में कितनी दुकानें अवैध रूप से निर्मित की गई हैं; इन अवैध कब्जों को हटाने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; और

(ग) जिस भूमि पर अवैध कब्जे हैं वह किस-किस विभाग से सम्बन्धित हैं व कुल कितनी भूमि है?

जल संरक्षण

*712 **श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत एक वर्ष में सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए प्रदेश में क्या-क्या कार्य किये गए; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) इस हेतु केन्द्र से कितनी धनराशि प्राप्त हुई है; उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा जिलावार दें?

लोकतन्त्र सेवक का दर्जा

*713 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश सरकार आपातकाल के दौरान जो लोग जेल गए थे उन्हें अन्य राज्यों की तर्ज पर लोकतन्त्र सेवक का दर्जा देने का विचार रखती है; और

(ख) उन्हें अन्य राज्य की तरह पेंशन देने का विचार कर रही है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं तो कारण?

लैंटाना/कांग्रेस घास की रोकथाम

*714 **श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में वन विभाग द्वारा लैंटाना व कांग्रेस घास के उन्मूलन हेतु चलाये गए अभियान में कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इनकी रोकथाम हेतु सरकार ने क्या पग उठाएं; ब्यौरा दें?

जोगिन्द्रनगर-मण्डी राष्ट्रीय राजमार्ग

*715 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सत्य है कि दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जोगिन्द्रनगर-मण्डी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटरूपी नामक स्थान पर हुई प्राकृतिक आपदा के कारण सड़क को बहाल करने में कठिनाई आ रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस समस्या के समाधान होने तक वैकल्पिक सड़क मार्ग घटासनी-झटिंगरी वाया कटिन्डी-मण्डी को बढ़ते यातायात के दृष्टिगत सुदृढ़/विकसित करने हेतु क्या-क्या कदम उठाये हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

Scam in Scholarship

*716 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) what steps the Government proposes to take to prevent the reoccurance of the scholarship scam in the tribal areas recently; and

(b) has the Government initiated action where prima facie evidence exists for the scam?

मैटलिंग/टारिंग कार्य

*717 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार फागू-चियोग सड़क की मैटलिंग/टारिंग करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कार्य कब तक शुरू किया जायेगा?

B.B.M.B में हिमाचल प्रदेश का हिस्सा

*718 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा B.B.M.B में हिमाचल की हिस्सेदारी को लेकर प्रदेश सरकार के पक्ष में दिए गए निर्णय को लागू करने हेतु क्या पग उठाए गए हैं; और

(ख) इस धनराशि से भाखड़ा विस्थापितों के कल्याण हेतु क्या योजना तैयार की गई है; ब्यौरा दें ?

राजकीय महाविद्यालय चिन्तपुरनी

*719 **श्री बलबीर सिंह(चिन्तपुरनी) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राजकीय महाविद्यालय चिन्तपुरनी एवं चौकीमन्यार के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी; और

(ख) यदि नहीं, तो भवन निर्माण के लिए धनराशि कब तक स्वीकृत कर दी जाएगी तथा इन भवनों के निर्माण का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

भू-मालिकों को मुआवज़ा

*720 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गांव सिकिब्बा, तहसील मुरंग, ज़िला किन्नौर में राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 के निर्माण के लिए लोगों की निजी भूमि अधिग्रहण की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो भूमि मालिकों के मुआवज़ा सम्बन्धित मामले किस स्तर पर लम्बित हैं; और

(ग) इन्हें कब तक मुआवज़ा प्रदान कर दिया जाएगा?

परवाणू-शिमला फोरलेन

*721 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) परवाणू-शिमला फोरलेन सड़क का कार्य कब आरम्भ हुआ एवं इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इसकी प्रति किलोमीटर अनुमानित लागत क्या है तथा निर्माण कार्य पर्यावरण मानकों के अनुरूप किया जा रहा है?

Rehabilitation Centres

*722 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the total number of reported cases under the NDPS Act this year; District wise details be given;

(b) what steps have been taken by the State Government to check drug menace; and

(c) details of Rehabilitation Centres established in the State alongwith staff position and number of addicts in each Centre be given?

अवैध खनन

*723 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पिछले कई वर्षों से भारी मात्रा में प्रदेश में अवैध खनन हो रहा है, सरकार ने इस अवैध खनन को रोकने के लिए क्या कोई नीति बनाई है; ब्यौरा दें?

पेयजल योजनाओं की नवीनतम स्थिति

*724 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पांवटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ऐसी कितनी सिंचाई एवं पेयजल की योजनाएं हैं जिनका कार्य पूर्ण नहीं हुआ है; यह किस मद में स्वीकृत हुई और कब; ब्यौरा दें; और

(ख) इन योजनाओं को पूर्ण करने के लिए कितनी धनराशि की आवश्यकता है और कब तक यह पूर्ण कर ली जाएगी?

पौधारोपण

*725 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**
श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) इस वर्ष प्रदेश में वन मण्डलवार कितना पौधारोपण किया गया;

(ख) इन पौधों की उत्तरजीविता (survival) दर बढ़ाने हेतु सरकार ने क्या-क्या अतिरिक्त कदम उठाए हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) गड्ढे बनाने में, वाहन द्वारा पौधे लाने पर तथा अन्य मदों पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; मण्डलवार ब्यौरा दें?

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराहां

*726 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराहां, सिरमौर का दर्जा बढ़ाकर 50 बैड से 100 बैड किया गया है; यदि हां, तो विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने पद रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

राष्ट्रीय उच्च मार्ग

*727 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वीकृत डडौर-राणाबाग, पण्डोह-बखरोट, मौवीसेरी-रोहाण गलु तथा सुन्दरनगर-ढली राष्ट्रीय उच्च मार्ग (National Highway) की अद्यतन स्थिति क्या है?

देहरा-ज्वाली-राजा का तालाब राष्ट्रीय राजमार्ग

*728 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) देहरा-ज्वाली-राजा का तालाब राष्ट्रीय राजमार्ग की डी0पी0आर0 तैयार कर ली

गयी है; और

(ख) इस राजमार्ग की alignment में कोई परिवर्तन प्रस्तावित है; यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर यह परिवर्तन किया जा रहा है; ब्यौरा दें?

टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग

*729 **श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के भीतर कुछ ग्रामीण/नये क्षेत्रों को टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग के अन्तर्गत शामिल किया गया है तथा वहां जो कॉलोनियां पहले से निर्मित थी उन्हें पुनर्निर्माण की अनुमति नहीं होती है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन पुरानी इमारतों के पुनर्निर्माण हेतु छूट देने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो कारण ?

स्टोन क्रशरज़ को बिजली कनेक्शन

*730 **श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चल रहे स्टोन क्रशरज़ को दिए गए बिजली के कनेक्शन, मीटर संख्या, प्रकार(नेचर)- औद्योगिक, कमर्शियल या घरेलू इत्यादि क्या है ; और

(ख) गत दो वर्षों से 31 जुलाई, 2018 तक प्रत्येक बिजली के मीटर की माहवार रीडिंग जिसके आधार पर विभाग को राजस्व प्राप्त हुआ?

प्राकृतिक आपदा से विस्थापन

*731 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जोगिन्द्रनगर-मण्डी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम पंचायत उरला में कोटरूपी नामक स्थान पर हुई प्राकृतिक आपदा के कारण कितने परिवार विस्थापित व प्रभावित हुये थे; ब्यौरा परिवारवार दें;

(ख) इन परिवारों को सरकार द्वारा 31 जुलाई, 2018 तक कब-कब व क्या-क्या सहायता/राहत दी गई; ब्यौरा तिथि व परिवार सहित दें; और

(ग) कौन–कौन से परिवार ऐसे हैं जिन पर पुनः विस्थापन का खतरा मंडरा रहा है या जिन्हें पुनः विस्थापित किया जा रहा है; ब्यौरा उनको दी गई सहायता सहित दें?

----

108 Ambulance Staff

*732 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state what wages are being provided to the 108 Ambulance Staff and what are their daily duty hours?

Criminal Cases

*733 **Sh. Anirudh Singh(Kasumpti) :**
Sh. Vikramaditya Singh(Shimla Rural) :
Sh. Narinder Thakur(Hamirpur) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many cases of rapes, murders, suicides, cyber crime and Narcotics Act have been registered in the State after 1st january, 2018 ;

(b) what steps the Government have taken to detect and prevent Cyber crime; and

(c) what facilities are available to detect Cyber crime?

खेल नीति

*734 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में खेलों में समानांतर संघों से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है;

(ख) खेल संघों में राजनीतिज्ञों और प्रशासनिक अधिकारियों के अध्यक्ष बनने पर क्या सरकार ने कोई प्रतिबंध लगाया है; ब्यौरा दें; और

(ग) खेल संघों को उत्तरदायी बनाने हेतु और खेलों का स्तर ऊंचा करने के लिए सरकार की भविष्य में क्या क्या योजना है?

डाईटस में नियुक्तियां

***735 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि DIETs में प्रवक्ता के पद पर नियुक्ति के लिए पात्रता M.Ed या B.Ed अनिवार्य है; और

(ख) यदि हां, तो इस समय प्रदेश के DIETs में कितने प्रवक्ता बिना M.Ed या B.Ed नियुक्त किए गए हैं; ब्यौरा ज़िलावार दें?

अंशकालीन व दैनिक भोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण

***736 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आयुर्वेद विभाग में कितने अंशकालीन व दैनिक भोगी कर्मचारी हैं तथा उनका कितना कार्यकाल अंशकालीन व दैनिक भोगी के रूप में हो चुका है; और

(ख) क्या सरकार इन कर्मचारियों को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

पुलिस सुरक्षा

***737 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा व्यक्ति को निजी पुलिस सुरक्षा देने के क्या नियम हैं, नियम की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) सरकारी पद से इस्तीफा देकर विधान सभा चुनाव में लड़ने वाले कर्मचारी को क्या पुलिस सुरक्षा दी जा सकती है; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 13 अगस्त, 2018. **सचिव।**